हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 एक गलत सोच एवं गलत निर्णय से रास्ते से भटक ...



12 चिट फंड कंपनियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे ...



**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय लोक अदालत का 14 को होगा आयोजन

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 14 मार्च को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौंदर्य पूर्ण माध्यम से निपटने के लिए 14 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर चरखी दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है।

### 28 तक पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**चरखी दादरी।** अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों के कल्याण व उत्थान के लिए सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशीप दी जा रही है। इस स्कीम के लाभ के लिए छात्रों को 28 फरवरी तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करना अनिवार्य है। छात्र के परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त डा. मुनीश नागपाल ने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के इस स्कीम के नोडल अधिकारी एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले का कोई भी पात्र विद्यार्थी इसके लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आवेदन 28 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

# सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी घटा, अब मिताथल फीडर भी करना पड़ा बंद

## सैंकड़ों गांवों के जलघरों में नहीं पहुंचा पानी, हजारों एकड़ में फसल में नुकसान का अंदेशा

**पानी की कमी**
- जुई फीडर और निगाना फीडर को रखा गया था बंद
- मिताथल फीडर आठ दिन चलना था लेकिन मात्र तीन दिन ही चल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कभी मौसम तो कभी फसलों पर बीमारियों की मार और अब प्रकृति के साथ सरकार के सामने किसान हुआ लाचार, जी हां हम बात कर रहे हैं, धरती पुत्र किसान की, जो कड़ी मेहनत से पूरी दुनिया का पेट भरने का दम रखता हैं और अब वह लाचार दिख रहा हैं। सरकार व सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों की अनदेखी के चलते नहरों में पानी दिन प्रतिदिन घटता जा रहा हैं। सिंचाई विभाग ने जिलेभर की नहरों के लिए 2200 क्यूसेक पानी की डिमांड उच्चाधिकारियों को भेजी थी, लेकिन मुनक से 14 फरवरी को मात्र 1309 क्यूसेक पानी ही मिल पाया था, जो सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में साढ़े नौ सौ की जगह 941 तथा मिताथल फीडर में साढ़े तीन सौ की जगह 348 क्यूसेक पानी चलाया गया था और जुई फीडर व निगाना फीडर को बंद रखा गया था। अब समस्या और भी विकराल हो गई हैं।



आज पानी घट कर 896 क्यूसेक पर आ गया हैं, जिस वजह से विभाग ने मिताथल फीडर को भी बंद कर दिया हैं। मिताथल फीडर में आठ दिन पानी चलाया जाना था लेकिन पानी की कमी के चलते तीन दिन बाद ही बंद करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि भिवानी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के जलघरों में पानी धीरे धीरे तलहटी में पहुंच रहा था और राशनिंग के जरिये घरों में पानी सप्लाई दी जा रही थी और उम्मीद जताई जा रही थी कि जल्द पानी आएगा और जलापूर्ति व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन नहरों में दिन प्रतिदिन पानी घटने से समस्या ने नया मोड ले लिया हैं। सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी की क्षमता साढ़े नौ सौ क्यूसेक है। सुंदर में पानी कम होने की वजह से उक्त नहर के अंतिम छोर पर पड़ने वाले माइनरों की टेल नील हो गई है। किसान बुरी तरह से दुःखी हैं। पहले ही इस बार सर्दी के मौसम में बारिश नहीं हुई, वहीं नहरी पानी की कमी ने किसानों पर दोहरी मार डाल दी हैं। लगातार नहरी पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग को जुई व निगाना के बाद मिताथल फीडर को भी बंद करना पड़ा हैं।

**गहराएगा पेयजल संकट**

जुई नहर में पानी नहीं मिलने से भिवानी शहर व आसपास के गांवों के जलघरों में पानी का संकट बन गया है। अब मिताथल फीडर बंद होने से इससे निकलने वाले माइनर भी बंद हो गए। फिलहाल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के कुछ जलघरों तक पानी पहुंच रहा है। अगर पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो इस माह पीने के पानी का संकट बन सकता है, जो लोगों के जी का जंझाल बन जाएगा और लोगों को पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ेगा या फिर टैंकरों का सहारा लेना पड़े।

**सिंचाई नहीं हुई तो घटेगी औसतन पैदावार**


नहरी पानी की कमी के चलते जुई फीडर, निगाना व मिताथल फीडर पर पड़ने वाली हजारों एकड़ भूमि में खड़ी फसल सिंचाई से वंचित रह गई है। फसलों में सिंचाई नहीं हुई तो फसलों की औसतन पैदावार में भी काफी कमी आएगी, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। फिलहाल किसानों की नजर आसमान की तरफ है। इस मौसम में हल्की बारिश भी हो गई तो फसलों को नुकसान होने से बच सकता है या फिर नहरों में अतिरिक्त पानी मिले तो किसानों की समस्या का समाधान हो सकता है।

**14 फरवरी के बाद लगातार घट रहा पानी**

जिले की नहरों में 14 फरवरी को पानी पहुंचा था। सिंचाई विभाग ने भिवानी की नहरों के लिए 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग भेजी थी। शुरू में मोहला हैड से भिवानी की नहरों के लिए मात्र 1309 क्यूसेक पानी मिला था और सिंचाई विभाग ने जुई फीडर को बंद करके सुंदर व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा था। उसी दिन से लगातार पानी घट रहा है। आज पानी घट कर 896 क्यूसेक पर आ गया, जिस वजह से आज विभाग ने मिताथल फीडर को भी बंद कर दिया। हैं। फिलहाल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी चलाया जा रहा है। सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी की क्षमता साढ़े नौ सौ क्यूसेक है।

**सुंदर में भी पानी कम**

सुंदर में भी मांग की अपेक्षा सौ क्यूसेक पानी कम चल रहा हैं, जिसके चलते सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले गांवों के जलघर भी खाली रह गए हैं। वहीं दर्जनों गांवों की हजारों एकड़ भूमि में खड़ी फसल बिना सिंचाई के रहने के आसार बन गए हैं।



### सीताराम सैनी बने बवानीखेड़ा के राष्ट्रीय सैनी सभा के हलका प्रधान, नियुक्ति पत्र भी सौंपा

**बवानीखेड़ा।** राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए सीताराम सैनी को बवानीखेड़ा सैनी समाज का हलका प्रधान नियुक्त किया। राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर सैनी की रूपरेखा अनुसार जिलाध्यक्ष भिवानी विजय सैनी व जिलाध्यक्ष फतेहाबाद संदीप सैनी ने समाज के मौजूद लोगों की सहमति पर उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। सीताराम ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा अध्यक्ष जसबीर सैनी, जिलाध्यक्ष भिवानी विजय सैनी का आभार जताया और बताया कि जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभानें का कार्य करेंगे। वहीं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामगोपाल सैनी, कुंदनलाल सैनी, साधु राम, रामपाल, ईश्वर, दयानंद, औमप्रकाश, सज्जन, मुकेश आदि ने सीताराम को बधाई दी।

### दुकान में घुसकर युवक पर हमला करने और टायरों में आग लगाने के चार आरोपी गिरफ्तार



**चरखी दादरी।** पुलिस ने दुकान में घुसकर युवक पर हमला करने और टायरों में आग लगाने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि बिहार निवासी मोहम्मद सादीक महेन्द्रगढ बाईपास पर मैकेनिक का काम करता है। मोहम्मद 10 दिन पूर्व रात को दुकान बंद कर सो रहा था। रात करीब साढ़े10 बजे दुकान का शटर बन्द करके अन्दर सो गया। रात12 बजे किसी ने शटर को खटखटाया और कहा कि दुकान के साथ में प्लॉट मे रखे टायरों मे आग लगी हुई है। यह सुनकर उसने जल्दी से शटर को खोल दिया। शटर खुलते ही मुंह पर कपडा ढंके आधा दर्जन युवक जबरदस्ती दुकान में घुसकर लाठी डंडो से उसपर हमला कर दिया। आरोपी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट करने से पहले दुकान के साथ में बन्द प्लाट मे रखे करीब 6 जोडी नए टायर व लगभग 150 पुराने टायरों मे आग लगा गए। उपरोक्त शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की। आरोपियों की पहचान झोझू कला निवासी नवल उर्फ मोनू, राहुल आदमपुर डाढी, अमित निवासी छिल्लर व जितेन्द्र उर्फ जानी झोझू खुर्द को गिरफ्तार किया।

## दादरी हलके को मिली 5 करोड़ की सौगात, विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



- पक्की गलियों का निर्माण, मरम्मत तथा अन्य काम होंगे

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा दादरी शहर तथा जिले के विभिन्न गांवों में गलियों के निर्माण और समग्र विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

यह धनराशि ग्रामीण एवं शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जारी की गई है, जिससे लोगों को बेहतर आवागमन और सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधायकने कहा कि लंबे समय से कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में गलियों की हालत खराब थी, जिससे लोगों को दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब स्वीकृत राशि से पक्की गलियों का निर्माण, मरम्मत तथा अन्य जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे।

# छात्राएं अपने हुनर को आर्थिक सशक्तिकरण में बदलें: त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- आदर्श महिला महाविद्यालय में उद्यमिता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन
- मुख्य वक्ता रचना त्रिपाठी असिस्टेंट डायरेक्टर इंचार्ज भिवानी ने छात्राओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया

आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन छात्राओं के लिए उद्यमिता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन इंक्यूवेसन सैल एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रचना त्रिपाठी, असिस्टेंट डायरेक्टर इंचार्ज, भिवानी कार्यालय (एमएसएमई) रहीं। उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से छात्राएं अपने हुनर, कला और रचनात्मक सोच को आर्थिक सशक्तिकरण में बदल सकती हैं। छात्राओं को स्वावलंबी और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने उद्योग पंजीकरण, ऋण सुविधाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सब्सिडी तथा विपणन सहायता जैसी योजनाओं की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) की संरचना एवं योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आइडिया से लेकर पंजीकरण, फंडिंग, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच की पूरी प्रक्रिया उदाहरणों सहित समझाई। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से छात्राओं में नौकरी खोजने के बजाय रोजगार देने की सोच विकसित होगी। प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि छात्राएं केवल डिग्री तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कौशल और रचनात्मकता को पहचानकर उसे स्वरोजगार का रूप दें। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे उपयोगी व्याख्यान आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नूतन शर्मा, डॉ. दीपू सैनी एवं डॉ. गायत्री बंसल रहीं।



भिवानी। उद्यमिता पर व्याख्यान देती मुख्य वक्ता रचना त्रिपाठी। फोटो : हरिभूमि

# डीसी ने 189 दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सरकार की पहल से दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। सहायक उपकरण वितरण जैसे कार्यक्रम दिव्यांगजनों के अधिकारों को सुनिश्चित करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने नई अनाज मंडी परिसर में आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण निःशुल्क वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर साल जरूरतमंद दिव्यांगजनों को एपीसीपीएल झज्जर और एलिम्को कंपनी के सहयोग से सहायक उपकरण प्रदान करता है। सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों के जीवन में एक नई ऊर्जा का प्रसार करने का काम करती है। सरकार का यह कदम दिव्यांगजनों के अधिकारों को सुनिश्चित करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर दिव्यांग साथियों के जीवन में नई दिशा लेकर आएगा। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में अरावली पावर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कईबोंता, एलिम्को के महाप्रबंधक अजय चौधरी आदि मौजूद रहे।



**526 दिव्यांगजनों ने करवाया था पंजीकरण**

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविरों में 526 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया है, जिनमें से पहले चरण में 189 जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुसार 1.9 करोड़ के उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। अन्य को दूसरे चरण में उपकरण प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने 189 दिव्यांगजनों को 343 उपकरण वितरित किए, जिनमें 136 मोटराईज्ड ट्राई साइकिल, 20 फोल्डिंग व्हील चेयर, 74 बैसाखी, 34 वाकिंग स्टिक, 21 टीएलएम किट, 14 बीटीई कान की मशीन, 8 जॉयस्टिक, 1-1 रोलटोर व टेट्रापोड, 17 वॉकर, 15 कृत्रिम अंग व 2 सुगम्य केन शामिल हैं।

## स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

**एनीमिया से बचने के लिए बथुआ, हरी सब्जियां, दालें अपने भोजन में शामिल करें: डॉ. अनिता राणा**

महिला महाविद्यालय झोझू कलां में एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत योगा के साथ हुई। सबसे पहले स्वयंसेविका एकता ने पहले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की उसके बाद शारीरिक गतिविधि में निम्बू दौड़ करवाई गई, जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इसका लुत्फ उठाया। दूसरे सत्र में डॉ. अनिता राणा ने हेल्थ एंड हाइजिन पर स्वयंसेविकाओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि एनीमिया से बचने के लिए बथुआ, हरि सब्जियां, दालें अपने भोजन में शामिल करनी चाहिएं और लड़कियों को अपने स्वास्थय के प्रति सजग रहना चाहिए। स्वयं सेविकाओं ने झोझू कलाँ गाँव में रैली निकालकर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया।





**शहर में पेयजल आपूर्ति सिस्टम पर खर्च होंगे 235 करोड़ रुपये**

# डीसी ने जलघरों का निरीक्षण कर पानी के सैंपल भरवाए

- पुरानी मशीनरी को बदला जाएगा व शहर में करीब 60 किमी लंबी लोहे की पाइप से लाइन बिछाई जाएगी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर शहर में विभिन्न जलघरों का दौरा किया। उन्होंने वाटर टैंकों की स्थिति को देखने के साथ-साथ पेयजल के सैंपल भी भरवाए। इन पानी के सैंपलों की जांच करवाई जाएगी। इस दौरान नगराधीश अनिल कुमार भी मौजूद रहे। डीसी सबसे पहले महम रोड स्थित जलघर पर पहुंचे, जहां उन्होंने वाटर टैंकों को चेक करने के साथ-साथ पानी जांच की लैब का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने रोहतक रोड गांव निनान व डाबर जलघर का निरीक्षण किया। डीसी गुप्ता ने तीनों जलघरों से आपूर्ति किए जा रहे पेयजल के सैंपल लिए।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से पानी आपूर्ति से पहले साफ किए जाने की प्रक्रिया के बारे में पूछा। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलना चाहिए।



निरीक्षण के दौरान विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ ने डीसी को जानकारी देते हुए बताया कि शहर में पेयजल सिस्टम के सुधारीकरण पर 235 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिनके लिए शीघ्र ही टेंडर लगाए जाएंगे। दो महीने में टेंडर खुलते ही कार्य शुरु हो जाएंगे। तेज गति व जल्द कार्य पूरा करने के लिए टेंडर कार्य को तीन भागों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में महम रोड़ पर आरसीसी के दो नए वाटर टैंक का निर्माण करवाया जाएगा। पुरानी मशीनरी को बदला जाएगा। शहर में करीब 60 किमी लंबी लोहे की पेयजल पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके 24 बुस्टिंग स्टेशनों की मरम्मत की जाएगी और उनकी मशीनरी को बदल कर नई लगाई जाएगी। डाबर कालोनी में नया बूस्टर बनाया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति की समस्या दूर होगी। उन्होंने बताया कि मिताथल हेड पर पंप हाऊस पर नई और अधिक क्षमता की मोटर लगाई जाएंगी।


**पानी के सैंपलों की करवाई जाएगी जांच: डीसी**

निरीक्षण के दौरान डीसी गुप्ता ने बताया कि शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां भी पेयजल लाईन लीकेज है, उसे तुरंत प्रभाव से दुरूस्त किया जाए। वाटर टैंकों की नियमित रूप से निगरानी हो। उन्होंने बताया कि जलघरों से लिए पानी के सैंपलों की जांच करवाई जाएगी, ताकि कमी मिलती है तो उसे दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों के चलते ही पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए लीकेज की मैपिंग के लिए टीमों का गठन किया गया है। जहां-जहां भी समस्या मिलेगी, उनको दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### संत बेणीदास महाराज की समाधि पर 22 को लगेगा मेला

**भिवानी।** संत बेणीदास महाराज की पावन समाधि पर आगामी 22 फरवरी को श्रद्धा एवं भक्ति से ओत-प्रोत मेले का आयोजन होगा, ये जानकारी देते हुए अखिल भारतीय श्रीदादू सेवक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने दी। बुवानीवाला ने बताया कि गांव ढ़ाणा नरसान में ये मेला प्रतिवर्ष की भांति पारंपरिक आस्था, सामाजिक एकता और संत-संस्कृति के संदेश के साथ मनाया जाएगा।

मेले के दौरान दूर-दराज से आने वाले संत महात्मा, साधु-संत एवं श्रद्धालु समाधि स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और संत बेणीदास जी महाराज के उपदेशों का स्मरण करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में बुवानीवाला परिवार, चैधरी परिवार, तुहीरामका परिवार एवं रतेरिया परिवार सहित आस-पास के क्षेत्रों से नवयुगल एवं नवजात बच्चों के जात-झडूले संस्कार पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल लोक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style



# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...


**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।




# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा




***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम
# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

**खबर संक्षेप**

## लॉर्ड कृष्णा के हिमांशु ने पाई जेईई में सफलता



**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु पुत्र लीलाराम सिहमा ने जेईई परीक्षा में 99.99 परसेंटाइल प्राप्त की है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन पृथ्वी सिंह ने सभी को सफलता पाने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि बच्चों व अध्यापकों का कठिन परिश्रम रंग लाया है। मेहनत ने इनको इस मुकाम तक पहुंचाया है। अब आगे की तैयारी के लिए इसी उत्साह व विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें।

## टैंपों से दो बैटरियां चोरी पुलिस में शिकायत दर्ज

**महेंद्रगढ़।** शहर के मोहल्ला खटीकान के वार्ड नंबर 13 में अज्ञात चोरों द्वारा खड़े टैंपों से बैटरियां चोरी करने का मामला सामने आया है। शांता कुमार पुत्र महाबीर प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 3:40 बजे उनके घर के पास खड़े टैंपों से किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैटरी चोरी कर ली। उन्होंने बताया गया कि उनके टैंपों से लगभग 100 मीटर की दूरी पर राजाराम पुत्र शेरसिंह निवासी उसी मौहल्ले का टैंपों भी खड़ा था, जिसकी बैटरी भी चोर अपने साथ ले गए। सुबह घटना का पता चलने पर दोनों वाहन मालिकों ने मामले की शिकायत सिटी पुलिस थाना में दर्ज कराई। पीड़ितों ने पुलिस से चोरी हुई बैटरियों की बरामदगी और आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## उन्हाणी के अर्नव ने उत्तीर्ण की जेईई मेंस परीक्षा

**कनीना।** गांव उन्हाणी निवासी रविंद्र महलावत के पुत्र अर्नव महलावत ने जेईई की मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि बीती 23 जनवरी को आयोजित की गई इस परीक्षा का परिणाम सोमवार को ही जारी किया गया। जिसमें अर्नव ने 98.62 परसेंटाइल अंक हासिल किया है। इस उपलब्धि के पीछे उनके माता, पिता तथा शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन रहा है। अर्नव ने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थान से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर देश की सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। मा. राजेश कुमार, सुशीला देवी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।


## एक गलत सोच एवं गलत निर्णय से रास्ते से भटक जाता व्यक्ति: महंत हरिकृष्ण

# महंत हरिकृष्ण ने जिला कारागार में बंदियों को दिया जीवन दर्शन का आध्यात्मिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रत्येक इंसान ईश्वर की अनुपम कृति है, जीवन बहुत उपयोगी होता है। इंसान का जीवन उसकी सोच और उसके विचारों पर ही निर्भर होता है। हमारी सोच ही हमारा रास्ता बनाती है। हमें सही और गलत की पहचान होनी चाहिए, ऐसे में हमारी अच्छी सोच और विचार सही होने चाहिए। ये विचार वृंदावन धाम से महंत हरिकृष्ण महाराज ने जिला कारागार में बंदियों के लिए आयोजित सत्संग के दौरान प्रवचन में प्रकट किए। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत सार्वभौमिक मंगलकामना के श्लोक सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः व सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत से कही। उन्होंने कहा कि सबका हित, मंगल और कल्याण ही हमारी

**कारागार को सजा की बजाय गलती सुधारने की जगह मानो: महंत हरिकृष्ण**



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते महंत हरिकृष्ण महाराज। फोटो: हरिभूमि

सनातन संस्कृति की पहचान है। यह हमारी संस्कृति है, यह हमारा संस्कार है।

यह हमारे खानदान की परंपराओं की सच्ची आवाज, रिवाज और गाथा है। उन्होंने कहा कि एक गलत सोच और एक गलत निर्णय से ही हम सही रास्ते से भटक जाते हैं। जेल को सजा काटने की जगह न मानकर इसे भूल को सुधारने वाली जगह माननी चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति, संस्कार और मानवीय मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायी प्रवचन दिया। उन्होंने बंदियों को आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और जीवन में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हों, मनुष्य अपने विचारों और कर्मों से नया जीवन आरंभ कर सकता है। ईश्वर की भक्ति, सत्य का मार्ग और सदाचार ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। इस मौके पर कारागार उप अधीक्षक नरेश बूरा सहित कारागार अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आभार जताया

उन्होंने आध्यात्मिक आयोजनों को बंदियों के नैतिक और मानसिक उत्थान के लिए उपयोगी बताया। महंत हरी कृष्ण ने सभी के सुख, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जेल अधीक्षक देवी दयाल ने महंत का आभार प्रकट किया और कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रम ने जिला कारागार के वातावरण को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत किया है।

### भूल होना स्वाभाविक

*उन्होंने कहा कि इंसान से छोटी और बड़ी भूल होना भी स्वाभाविक है। लेकिन हमें उस भूल को अपनी आदत नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि उससे सबक लेकर उसमें सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परिवार का एक सदस्य गलत संगत या गलत रस्ते पर चल पड़ता है तो उसका पूरे परिवार पर प्रभाव पड़ता है। बच्चों की परवरिश भी सही नहीं हो पाती।*



बहल। पौधरोपण करते पर्यावरण प्रेमी। फोटो: हरिभूमि

# खिलाड़ियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई

- ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पौधे लगाना जीवन की अनिवार्यता: लोकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

लोहारू मंडल के गांव झुम्पा खुर्द में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता ने समाज को बड़ा संदेश दिया है। खेल महोत्सव में सुप्रसिद्ध पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने न केवल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि खेल के मैदान पर त्रिवेणी (बरगद, नीम और पीपल) का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

प्रतियोगिता के दौरान लोकराम ने मैदान पर मौजूद प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक पौधा भेंट किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल में अपना सौ प्रतिशत देते हैं, उसी तरह प्रकृति को बचाने के लिए भी जिम्मेदारी उठाएं।

### एक पौधा लगाएं

हवलदार लोकराम ने भावुक होते हुए युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पौधे लगाना अब केवल एक शौक नहीं, बल्कि जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। हम आने वाली पीढ़ी को विरासत में केवल धन-दौलत ही नहीं, बल्कि शुद्ध हवा और हरा-भरा वातावरण भी देकर जाएं। क्रिकेट के इस मैदान से मैं संदेश देना चाहता है कि हर खिलाड़ी अपने जीवन के हर विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले। इस दौरान मुख्य रूप से संजय श्योराण सरपंच, सुनील मास्टर, विकास, विनोद, जयप्रकाश, इंद्र सिंह गोठड़ा, अधिवक्ता करण सिंह नेहरा और राम सिंह नेहरा, नरेश पूर्व सरपंच सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सरपंच संजय श्योराण ने कहा कि गांव की पावन धरा पर पर्यावरण प्रहरी का आना हमारे युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

## समाज सुधारक और जनकल्याण के प्रणेता थे महाराजा अग्रसेन: मनीष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग का निरंतर अनुसरण कर हर माह की अमावस्या पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया जाता हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रोहतक गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इस दौरान अनेक लोगों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित कर उनकी सेवा की। ट्रस्ट के महासचिव मनीष गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक महान समाज सुधारक और जनकल्याण के प्रणेता थे। उन्होंने एक ईंट-एक रुपया का सिद्धांत देकर समाज में समानता और सामूहिक सहयोग की भावना को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में अमावस्या का विशेष महत्व है और इस दिन धर्मार्थ कार्य करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महाराजा अग्रसेन के सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत को व्यवहार में लाने का माध्यम है।

**श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट ने अमावस्या पर किया प्रसाद वितरण**

### ये रहे मौजूद

रइस अवसर पर प्रधान नरेश गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल, रामु जेवडीवाला, सुभाष खरकिया, श्रीभगवान, अमित गोयल, जयभगवान मित्तल, तनिष्क गोयल जेवड़ीवाला, मनीष महाराजा अग्रवंश परिवार, ओंकार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## यूजीसी एक्ट छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

- देशभर से आए पदाधिकारियों के बीच दीपक बामल ने संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

करणी सेना युवा शक्ति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं हरियाणा प्रभारी दीपक बामल ने युवाओं व छात्रों के हितों को लेकर मुखर होकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। देशभर से आए पदाधिकारियों के बीच दीपक बामल ने संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। बामल ने स्पष्ट किया कि वर्तमान यूजीसी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। संगठन इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा और इसके खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि करणी सेना सदैव न्याय के पक्ष में खड़ी है। करणी सेना केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है। हम युवाओं को जोडऩे और उन्हें समाज की मुख्यधारा में सही दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगामी चुनावों को देखते हुए कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार रहें। दीपक बामल ने कार्यक्रम की सफलता पर गुरुग्राम जिला अध्यक्ष राजीव सिंह और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की असली रीढ़ है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री भूपेंद्र राठौड़, विनय भाटी व गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न संगठनों ने मास्टर दीवान सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सर्वजातीय जाटू खाप 84 के ऐतिहासिक चबूतरे पर रिटायर्ड अध्यापक संघ के स्टेट प्रधान और सर्वजातीय जाटू खाप-84 के महासचिव मास्टर दीवान सिंह जाखड़ की याद में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा की अध्यक्षता कैप्टन भीम सिंह प्रधान ने की। चबूतरे पर मौजूद हर आंख नम थी और हवा में मास्टरजी के आदर्शों की गूंज थी। सभा में जुटे सैंकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के कैशियर डॉ. राजेश पुर, उपप्रधान रामअवतार शर्मा मुंढाल और ऑडिटर सज्जन कुमार, राष्ट्रीय घनघस प्रधान जगदीश, सेक्रेट्री सिवाड़ा चांदीराम कुंगड़, कुलदीप प्रधान, और समाजसेवी रमेश कुमार फौजी, सचिन मास्टर, राज सिंह प्रधान, प्रिंसिपल रामजांगड़ा, मास्टर कमलजीत, मास्टर लाजपत जाखड़ आदि ने मास्टर दीवान को श्रद्धांजलि दी।

### संवारा भविष्य

वक्ताओं ने मास्टर दीवान सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने न केवल स्कूल में छात्रों का भविष्य संवारा, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद रिटायर्ड अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में शिक्षकों के हितों की लड़ाई भी पूरी मजबूती से लड़ी। वे जाटू खाप 84 के महासचिव के रूप एक कुशल रणनीतिकार और शांतिदूत थे। सामाजिक विवादों को सुलझाने और भाईचारे को बढ़ावा देने में उनका कोई सानी नहीं था।

## तीन माह का एरियर मिलेगा: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा की रुकी एवं बढ़ी हुई पेंशन को तुरंत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को तीन माह का एरियर मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 21 अक्टूबर को बुढ़ापा पेंशन 3 हजार से बढ़ाकर 3200 रुपये करने की घोषणा की थी, जो पहली नवंबर से लागू की गई है। सरकार द्वारा आदेश जारी न होने के कारण लाभार्थियों को अब तक 3 हजार रुपये ही मिल रहे थे। जनवरी की पेंशन 3 हजार रुपये के हिसाब से ही लाभार्थियों के खातों में पहुंची थी। सरकार के निर्देशों के अनुसार लाभार्थी को बकाया बढ़ोतरी के साथ पेंशन मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में किसी भी लाभार्थी की पेंशन रोकने या काटने से पहले उसके मोबाइल फोन पर कारण सहित मैसेज भेजा जाएगा। इसमें यह भी बताया जाएगा कि क्या दस्तावेज जमा कराने हैं।

## सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया।

# वाणिज्य अर्थ व्यवस्था की धुरी: डॉ. सुप्रिया

- वाणिज्य केवल लेखांकन या व्यापार नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी: डॉ. सुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता की देखरेख में 'वाणिज्य में उज्ज्वल भविष्य की राह' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया ढुल व डॉ. कृतिका ने शिरकत की। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग



भिवानी। विद्यार्थियों को संबोधित करती डॉ. सुप्रिया ढुल। फोटो: हरिभूमि

के प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया ढुल व डॉक्टर कृतिका ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विद्यार्थियों को वाणिज्य में उज्ज्वल भविष्य के टिप्स देते हुए अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ.सुप्रिया ढुल ने कहा कि वाणिज्य केवल लेखांकन या व्यापार नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। डिजिटल युग में फिनटेक, ई-कॉमर्स और डेटा एनालिटिक्स नई संभावनाएं खोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य स्नातकों के लिए विश्वविद्यालय में एमबीए, एमकॉम, डिप्लोमा आदि विभिन्न कोर्स उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, बैंकिंग ,शेयर बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठानों ,स्टार्टअप आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि वाणिज्य आपको उद्यमी, निवेशक या कॉर्पोरेट लीडर बना सकता है इसके लिए मेहनत करें।विस्तार व्याख्यान में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने शिरकत की।

### लोन सुविधा भी

डॉ कृतिका ने अपने संबोधन में कहा कि वाणिज्य में उज्ज्वल भविष्य का राज है उद्यमिता। वाणिज्य विषय के विद्यार्थी अपना व्यवसाय भी कर सकते हैं। इसके लिए सरकार की तरफ से अनेक प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। उन्हें सस्ती दरों पर लोन सुविधा भी दी जा रही है। अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पहली पसंद वाणिज्य के विद्यार्थी ही है।वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता ने बताया कि वाणिज्य में स्नातक करने के बाद विद्यार्थी अपनी शिक्षा को कौशल से जोड़ें,सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे **GST**, **Tally** और स्टॉक मार्केट सीखें। चुनौतियां आएंगी, जैसे बाजार की अस्थिरता, लेकिन नवाचार से पार पाएं।

## जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास




**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41 परसेंटाइल मिला।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया

- शिविर के अनुभवों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारे स्वयंसेवक: डॉ. सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को गांव देवसर में उत्साह और गरिमा के साथ हुआ।

सेवा, अनुशासन और भाईचारे के संदेश के साथ स्वयंसेवकों ने शिविर के माध्यम से ग्रामीण विकास और सामाजिक सहभागिता का अनूठा उदाहरण पेश किया। समापन समारोह का शुभारंभ एनएसएस गीत और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. सुरेश धायल ने शिरकत की।

### एमएनएस शिविर संपन्न

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एनएसएस गीत पर मनमोहक नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। डॉ. सुरेश ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में केवल सेवा भाव ही नहीं, बल्कि अनुशासन, भाईचारा और सामंजस्य के साथ समूह में कार्य करने की क्षमता विकसित करते हैं। शिविर के सात दिनों में आपने जो अनुभव प्राप्त किए हैं, उन्हें केवल यादों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने व्यावहारिक जीवन में भी उतारें। कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजुबाला ने सप्ताहभर चली गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। मंच का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. दीपिका रानी ने किया। समारोह के में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। शिविर का समापन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से टीबी पर जल्द ही पा लेंगे विजय: डॉ. सुमन

**टीबी मरीजों के प्रति समाज को अपनी सोच बदलने की जरूरत: संभ्रवाल**

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्यारह मरीजों को वितरित की पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को धरातल पर उतारने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में ट्रस्ट द्वारा गोद लिए 11 टीबी मरीजों को विशेष पोषण किट वितरित की। आयोजन भिवानी की उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा के



मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान वितरित की गई विशेष पोषण किट में दालें, मूंगफली, सत्तू, सोयाबीन और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियां शामिल थीं, जो टीबी मरीजों की शारीरिक रिकवरी में सहायक होती हैं।

### प्रतिरोधक क्षमता हो जाती है काफी कम

उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने पोषण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज केवल दवाइयों तक सीमित नहीं है। इस बीमारी में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो जाती है, जिसे पुनः प्राप्त करने के लिए उच्च प्रोटीन युक्त और संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर आज सामाजिक संस्थाएं जिस तरह आगे आ रही हैं, उससे हम जल्द ही टीबी पर विजय पा लेंगे। पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणादायी है। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने समाज में व्याप्त भ्रांतियों पर प्रहार किया।

**सूचना**

मैं, नीरज लिम्बा पुत्र श्री राजकुमार (पारिया) निवासी रावलधी तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरी पत्नी प्रीति देवी व पुत्री सिमरन लिम्बा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### करण, ईशान और पारस को मिली सफलता

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के विद्यार्थियो ने सत्र 2025-26 के नियमित छात्र करण यादव, ईशान बेरवाल एवं पारस यादव ने कड़ी मेहनत और लगन से जेईई मैन्स में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के अध्यक्ष आनंद यादव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि यह सफलता उनके समर्पण, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्राचार्य नितीश मिश्र ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सही दिशा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक साहिल यादव एवं उपप्राचार्य गीता यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दिनोद में कम्प्यूटर और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**भिवानी।** दिनोद में जयभगवान सरपंच ने लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट जागृति विभाग आजीविका और कौशल विकास परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। शिविर में अंग्रेजी सीखने कम्प्यूटर सीखने एवं सिलाई मशीन सिखाई प्रशिक्षित किया जाएगा। सरपंच जयभगवान ने बताया कि यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है कि अब बेटियों व महिलाओं को सिलाई मशीन का प्रशिक्षण लेने के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वे शिविर में प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार अपना कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने सरपंच जयभगवान से इस बारे में विस्तार से चर्चा की। गौड़ ने कहा कि यह बच्चों के भविष्य के लिए बहुत अच्छी पहल की है।

### पीड़ित निवेशकों ने सरकार को दिया 30 अप्रैल तक का अल्टीमेटम

# चिट फंड कंपनियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे पीड़ित निवेशक

**जमापूंजी वापस न मिलने के गम में लाखों नागरिक एवं सैनिक आत्महत्या को मजबूरः दयानंद**

1. 1 मई को देशभर के निवेशक संसद का कर सकतें हैं घेराव
2. सरकार से बड्स एक्ट-2019 लागू करने की मांग की
3. जिला स्तर पर कार्यालय खुलने के बावजूद राशि नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

चिट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों ने चिट फंड कंपनियों व सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। तपजप संगठन के बैनर तले एकजुट हुए निवेशकों ने चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क के बाहर सरकार विरोधी नारेबाजी की और उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि 30 अप्रैल तक उनकी जमापूंजी वापस नहीं मिली, तो 1 मई को देशभर के पीड़ित निवेशक दिल्ली में संसद का घेराव करेंगे और जमापूंजी वापसी की डिमांड करेंगे।

पीड़ित निवेशकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि प्रत्येक जिले के डीसी या एसपी कार्यालय के अधीन विशेष बड्स एक्ट भुगतान काउंटर खोले जाएं, ताकि दावे आसानी से जमा हों। थानों में लंबित आवेदनों को तुरंत प्रत्येक जिले में नियुक्त डेजिग्नेटेड कोर्ट्स में भेजा जाए। कानून की धारा 15(6) का पालन करते हुए संपत्ति कुर्क कर 180 दिनों के भीतर मूल राशि लौटाई जाए। ठगी करने वाली कंपनियों पर धारा 21(3) के तहत कठोर जुर्माना लगे और निवेशकों को 2 से 3 गुना तक भुगतान सुनिश्चित हो। भविष्य में ऐसी ठगी रोकने के लिए पूरे प्रदेश में कानून को सख्ती से लागू किया जाए। तपजप संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष दयानंद ने कहा कि उन्होंने बच्चों की शादी और बुढ़ापे के लिए पाई-पाई जोड़कर इन कंपनियों में निवेश किया था, लेकिन अब वे अपने ही खून-पसीने की कमाई को वापस लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों नागरिक और सैनिक अब तक आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालतों द्वारा संपत्तियां कुर्क करने के आदेश के बावजूद सरकार भुगतान प्रक्रिया में ढिलाई बरत रही है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामजस ने कहा कि सरकार ने बड्स एक्ट-2019 तो लागू कर दिया, जिसके तहत 180 दिनों में भुगतान का प्रावधान है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जिला स्तर पर कार्यालय खुलने के बावजूद निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिल रही है। यह सरकार का जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। संगठन के जिला उपप्रधान रमेश तंवर ने बताया कि जिले में पीएसीएल, आदर्श कॉपरेटिव सोसायटी, सहारा इंडिया और किमफ्यूचर विजन जैसी फर्जी कंपनियों ने आम जनता को ठगा है। भिवानी जिले के लाखों निवेशकों के करीबन 500 करोड़ रुपये फंसे हैं।



भिवानी। चीट फंड कंपनियों व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते पीड़ित निवेशक। फोटो : हरिभूमि

# घायल मॉनिटर लिजर्ड (गौह) का किया सफल ऑपरेशन


भिवानी। जिला पशु चिकित्सालय एवं पॉलीक्लीनिक में गौह का उपचार करते चिकित्सक सुभाष। फोटो : हरिभूमि

- रिहायशी इलाके में निकली मॉनिटर लिजर्ड पर घबराए लोगों ने किया हमला, चिकित्सकों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

बीती देर रात रिहायशी इलाके में उस वक्त हडकंप मच गया, जब एक घर में मॉनिटर लिजर्ड (गौह) निकल आई। डर के मारे लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि गौरक्षा दल की तत्परता और पशु चिकित्सकों की कुशलता ने बेजुबान को नया जीवन दे दिया है। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि बीती रात एक घर में अचानक गौह निकलने से परिवार घबरा गया। अफरा-तफरी के माहौल में बचाव की कोशिश करते हुए लोगों ने गौह को चोट पहुंचा दी। परमार ने बताया कि जब उनके पास सूचना आई तो उन्होंने तुरंत गौसेवक गोलू को मौके पर भेजा तथा वन्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

**पूंछ की हड्डी टूटी**

जांच में पाया कि गौह की पूंछ की हड्डी दो जगह से टूट चुकी थी और उसके शरीर पर गहरा घाव था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घायल गौह को गौरक्षा दल नौरंगाबाद की टीम ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला पशु चिकित्सालय एवं पॉलीक्लीनिक ले जाया गया। वहां पर वेटनरी सर्जन डॉ. सुभाष ने घायल गौह का सफल ऑपरेशन किया। घायल गौह का ऑपरेशन करने के बाद वेटनरी सर्जन डा. सुभाष ने बताया कि अक्सर डर की वजह से लोग इन जीवों को नुकसान पहुंचा देते हैं, जबकि ये पर्यावरण का हिस्सा हैं। हमारी प्राथमिकता इसकी जान बचाना होनी चाहिए। गौह की हालत काफी नाजुक थी, पूंछ की मांशपेशिया कड़ी सड़ चुकी थी तथा संक्रमण का खतरा बढ़ रहा था, ऐसे में पूछ काटना ही एकमात्र विकल्प था, जिसके बाद गौह का सफल ऑपरेशन किया। उपमंडलाधिकारी डा. राजेश जाखड़ ने बताया कि विभाग का लक्ष्य हर बीमार बेजुबान को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध करवाना है।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखाया हुनर

- नन्हे-मुन्ने स्कूली बच्चों ने बिखेरी हरियाणवी, पंजाबी व राजस्थानी संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम




तोशाम स्थित वीर शहीद सूबेदार ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में बतौर मुख्यतिथि राजकीय वमा विद्यालय पटौदी के प्राचार्य सुनील जैन ने शिरकत की तथा बतौर विशिष्ट अतिथि महेंद्र पंघाल, मास्टर हरीश महता, हनुमान सिंगला, सुरेश लाठर, जय देवी नाफरिया, संजय नाफरिया, एसएमसी प्रधान संतोष एवं भूतपूर्व एसएमसी प्रधान सुंदर बागड़ी ने बतौर अतिथि शिरकत की। प्राचार्य सुदेश कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ स्कूली बच्चों ने हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तारदे मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुति तथा अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। राजकीय मॉडल विद्यालय का शानदार वार्षिकोत्सव देखकर हर कोई दंग रह गया, क्योंकि इतना भव्य समारोह निजी विद्यालय भी नहीं कर पाते जो राजकीय विद्यालय में किया गया।

**सम्मानित किया**

मंच संचालन अध्यापक सौरभ वधवा व ज्योति जैन ने बखूबी किया। नन्हे-मुन्ने स्कूली बच्चों ने छोटे-छोटे सपने हो सपने वह अपने हो गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी व राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य यादव ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ शिष्टाचार और संस्कारों को भी सीखने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर रमेशचंद्र नाफरिया, एडवोकेट तेलूराम, कोच संदीप आदि मौजूद रहे।

# सीनियर्स ने जूनियर्स के साथ सांझा किए अनुभव, पढ़ाई पर फोकस का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

- शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना महत्वपूर्णः आरके बंगालिया

आदर्श कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों को सहभोज विदाई दी। समारोह में मुख्यतिथि के रूप में आदर्श वमा विद्यालय के प्राचार्य एसएन पालीवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन इंस्टिट्यूट के चेयरमैन आरके बंगालिया, स्कूल की प्राचार्या डा. के. सुब्बुलक्ष्मी चैन्नई व आदर्श एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष राजरूप धानियां ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया।

मंच संचालन में छात्रा दीपांशी, रिया व प्रतिभा की विशेष भूमिका रही। इस दौरान कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को टाइटल देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर निकित, कुश, प्रवेश, कपिल, सौरव, कुसुम आदि ने मनमोहक प्रस्तुति देकर माहौल को गमगीन बना दिया। चेयरमैन बंगालिया ने कहा कि एक ऐसी विदाई है जिसमें शिक्षक को अपने शिष्य की कामयाबी पर नजर रहती है। इस अवसर पर विद्यालयों के उपप्रबंधक डा. विकास बंगालिया व दीपक बंगालिया, उपप्राचार्य निमय बिस्वास वैस्ट बंगाल, कॉर्डीनेटर रामफल सिंह, प्राध्यापक सुमित बूरा, दीपक सोनी प्राध्यापिका पूजा बंगालिया आदि मौजूद रहे।



# सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


मुकेश खरब

- दिव्यांग अधिकार कानून की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही

हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांग कर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60से 58 करने सम्बंध गजट नोटिफिकेशन का प्रदेशभर में विरोध किया जा रहा है। दिव्यांग अधिकार कानून बनने उपरांत ही दिव्यांग कर्मियों को सरकारी सेवा में 2 वर्ष की वृद्धि कीगई थी।

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा महिला सब कमेटी की कन्वीनर मुकेश खरब, को कंवीनर सावित्री देवी व सदस्य अनिता, सुमन व अन्नु चौधरी ने सांझा बयान जारी कर इन तुगलकी फरमानों को दिव्यांग कर्मचारी विरोधी ठहराया तथा इसे वापस लेने की मांग की।

दिव्यांग कर्मी अपने आपको हाशिए पर पाता है, वह दिव्यांगता तथा असमानता के दोहरे पर खड़ा होकर अपना जीवन व्यतीत करता है। वह भेदभाव से पैदा होने वाली बाधाओं का सामना करता है।

इन तुगलकी फरमानों को दिव्यांग विरोधी ठहराया गया है तथा वापस लेने की मांग की है। दिव्यांग कर्मियों के सेवा अधिकारों की रखा करते हुए पुनः सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष की जाए।

**वर्क लोड बढ़ेगा**

मुकेश खरब ने मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या के मुताबिक सरकारी विभागों में वर्क लोड अनुसार 15 लाख पद बनते हैं, जबकि इस समय कच्चे पक्के कर्मियों की संख्या लगभग साढ़े 4 लाख है। प्रतिमाह 3000-3500 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहा है। इन फरमानों से तो और वर्क लोड बढ़ेगा। दिव्यांग कर्मियों पर हमला निन्दनीय है, इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस तुगलकी आदेश का उद्देश्य स्पष्ट है कि कर्मियों की एकता को तोड़ना, वर्गीय चेतना को कमजोर करना और इसी विभाजन की आड़ में कॉरपोरेट परस्त नीतियों को बिना विरोध लागू करना, जब आमजन पूछता है कि रोजगार कहां है? महंगाई क्यों बढ़ रही है।


भिवानी। शहीद बलवंत फड़के को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शहीद बलवंत फड़के के नाम से कांपते थे अंग्रेजः महेंद्र

**भिवानी।** स्वतन्त्रता सेनानी वासुदेव बलवन्त फड़के ने महाराष्ट्र में 1879 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आगाज करते हुए भील और धांगड़ जातियो को इकट्ठा किया और रामोशी नाम का क्रांतिकारी संगठन खड़ा किया। अंग्रेजों के दिल में उनके नाम का इस कदर खौफ था कि वासुदेव बलवन्त फड़के का नाम सुनकर ही अंग्रेज थर-थर कांपने थे। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने शहीद बलवंत फड़के के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बलवन्त फड़के बचपन से ही कुछ बड़ा करने के सपने देखते थे। वासुदेव बलवन्त फड़के को सशस्त्र का जनक भी कहा जाता है। इस अवसर पर सुरजभान, बिजेन्द्र कोट, रणबीर संगावान, जसबीर फोजी, धर्मपाल ग्रेवाल, रामअवतार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एचआईवी के मामलों में सबसे बड़ी चुनौती देरी से पता चलनाः डॉ. ऋतु

- एड्स-मुक्त समाज की कल्पना साकार करने को प्रत्येकजन का जागरूक होना जरूरीः डॉ. ऋतु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी व ग्रामीण।

जिले में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में एकीकृत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में गांव मानहेरू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का भी काम किया। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को बताया कि एचआईवी/एड्स से डरने की नहीं, बल्कि जागरूक रहने की आवश्यकता है। डॉ. ऋतु फौगाट ने कहा कि एचआईवी के मामलों में सबसे बड़ी चुनौती देरी से पता चलना है। जब हम निचले तबके तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करेंगे, तभी हम एक स्वस्थ और एड्स-मुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं।


भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा में झूमती श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भगवान शिव सरलता और वैराग्य के प्रतीकःबिहारी महाराज

**भिवानी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित मोहता फैक्ट्री परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय प्रेमकुमार गर्ग की पुण्य स्मृति में आयोजित सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। कथावाचक बिहारी महाराज ने शिव पुराण की महिमा का बखान करते हुए भक्तों को शिव-तत्व से परिचित करवाया। कथाव्यास ने कहा कि शिव पुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि घोर कलयुग में मनुष्य के दुःखों के निवारण का अमोघ अस्त्र है। भगवान शिव सरलता और वैराग्य के प्रतीक हैं। जब तक मनुष्य अपने भीतर के मैं को नहीं त्यागता, उसे परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जब-जब समाज में अधर्म बढ़ता है और मानवता कराहती है, तब-तब ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर सृष्टि का कल्याण करते हैं। सच्चे मन से शिव कथा का श्रवण करने मात्र से व्यक्ति के जन्म-जन्मान्तर के पाप कट जाते हैं।

### युवा पीढ़ी को जड़ों एवं लोक गाथाओं से जुड़ने का अवसर देते हैं सांग महोत्सव : आयोजक

# अमर प्रेम हीर-रांझा के मंचन के साथ सांग महोत्सव संपन्न

*सांगी वेदप्रकाश ने हीर-रांझा की पाक मोहब्बत को अपनी कला के माध्यम से जीवंत किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

गांव बापोड़ा की पंचवीर गौशाला में पिछले सात दिनों से चल रहा सांस्कृतिक समागम सांग महोत्सव अपनी अमिट यादें छोड़ते हुए संपन्न हो गया। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित महोत्सव के अंतिम दिन सांगी वेद प्रकाश अत्री और उनके दल ने हीर-रांझा के अमर प्रेम की गाथा का जीवंत मंचन किया, जिसने पंडाल में मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांगी वेदप्रकाश अत्री ने मंच पर हीर-रांझा की पाक मोहब्बत को अपनी कला के माध्यम से जीवंत किया। सांग के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे तीन जन्मों का नाता रखने वाले हीर और रांझा एक विवाह समारोह में पहली बार मिलते हैं और पहली ही नजर में एक-दूसरे को पहचान लेते हैं।


भिवानी। अमर प्रेम हीर रांझा का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### गोशाला समिति ने दानवीरों का आभार प्रकट किया

कलाकारों ने कहानी के रोमांचक उतार-चढ़ाव को बखूबी ढंग से दर्शाया। रांझा अपने गांव तख्त हजारे को छोडक़र हीर के पास वापस आता है और केवल उससे मिलने के लिए भैंस चराने वाला (पाली) बन जाता है। जब हीर के भाई पटमल को इस बात की खबर लगती है, तो वह धोखे से हीर की शादी अटखेड़ा के बादशाह अखन काने से कर देता है। हीर के वियोग में रांझा अपना सब कुछ त्याग कर पीर-फकीरों के साथ भगवा धारण कर लेता है। दूसरी ओर होश आने पर हीर अखन को पति मानने से इंकार कर उसे भाई का दर्जा देती है। अंततः, संघर्षों और रोमांचक मोड़ों के बाद दोनों का मिलन होता है और वे एक साथ अपनी जीवन लीला समाप्त कर अमर हो जाते हैं। गौशाला समिति के सदस्य सरपंच बीरण व सरपंच दांग ने संयुक्त रूप से हरियाणा कला परिषद का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी लुप्त होती सांग विधा को पुनर्जीवन मिलता है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों और लोक गाथाओं से जुडऩे का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सांग महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि गौ-सेवा भी था। समापन समारोह के दौरान गौशाला समिति ने उन सभी दानवीरों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इन सात दिनों के दौरान गौ-माताओं की सेवा के लिए मुक्त हस्त से दान दिया। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सांग हमारी मिट्टी की खुशबू है। वेदप्रकाश अत्री जैसे कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बापोंड़ा की धरती पर जो समां बांधा है, वह लंबे समय तक याद रखा जाएगा।